Dr. Bhim Rao Ambedkar Educational Society
Dbraegroup@gmail.com

RRB NTPC 10
COMPETITIVE EXAMS - RRB - RAILWAY EXAMS

निर्धारित समय: 1 घंटा और 30 मिनट **Maximum Marks :** 100

General Instructions:

- All questions are compulsory.
  सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- There is 33% negative marking.
  33% नकारात्मक अंकन है।

Maths

1) 8% प्रति वर्ष के साधारण ब्याज पर 5 वर्ष हेतु ₹1800 का निवेश करने पर ₹____ ब्याज प्राप्त होगा। **[1]**
   a) ₹630 b) ₹750
   c) ₹675 d) ₹720

2) 10% प्रति वर्ष पर 1 वर्ष के लिए ₹23,000 की धनराशि पर वार्षिक चक्रवृद्धि और अर्द्धवार्षिक चक्रवृद्धि ब्याजों के बीच का अंतर ज्ञात करें। (₹में) **[1]**
   a) 51.5 b) 57.5
   c) 53.5 d) 55.5

3) एक आयत का विकर्ण$\sqrt{31}$ सेमी. और इसका क्षेत्रफल 25 वर्ग सेमी. है। आयत का परिमाप (सेमी. में) क्या होगा? **[1]**
   a) 12 b) 18
   c) 15 d) 20

4) 12.50 रुपये प्रति वर्ग मीटर पर एक कमरे के फर्श को मरम्मत करने की कुल लागत 3,675 रुपये है। यदि चौड़ाई और लंबाई का अनुपात2 : 3 है, तो इसकी लंबाई ज्ञात कीजिए। **[1]**
   a) 14 m b) 15 m
   c) 18 m d) 21 m

5) कुछ फलों कोA, B, C और D के बीच $3 : 4 : 5 : 7$ के अनुपात में बांटा गया। यदि A को 192 फल मिले, तो B और C को मिलाकर कितने फल प्राप्त हुए? **[1]**
   a) 675 b) 756
   c) 576 d) 567

6) 50 रुपये की राशि कोA, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A को B से 5 रुपये अधिक मिलते हैं और B को C से 9 रुपये अधिक मिलते हैं। उनके हिस्सों का अनुपात क्या है? **[1]**
   a) 13 : 24 : 13 b) 23 : 18 : 9
   c) 23 : 14 : 13 d) 14 : 23 : 14

7) एक निश्चित राशि को तीन दोस्तों राजीव, केवल और अमित के बीच2 : 3 : 7 के अनुपात में विभाजित किया गया था। यदि अमित का हिस्सा केवल से 15 रुपये अधिक है, तो विभाजित की गई राशि का योग कितना है? **[1]**
   a) ₹45 b) ₹180
   c) ₹57 d) ₹27

8) एक चट्टान पर एक आदमी30° के अवनमन कोण पर एक नाव को देखता है, जो एक समान गति से प्रेक्षक के ठीक नीचे एक बिंदु पर किनारे की ओर आ रही है। दस मिनट बाद, नाव का अवनमन कोण 60° पाया जाता है। नाव द्वारा किनारे तक पहुँचने में लगा कुल समय ज्ञात कीजिए। **[1]**
   a) 18 मिनट b) 16 मिनट
   c) 15 मिनट d) 14 मिनट

9) एक गुब्बारा 200 मीटर की ऊंचाई पर उड़ रहा है। झील में मौजूद एक नाव में बैठा एक व्यक्ति इसे45° के उन्नयन कोण पर देखता है। 100 सेकंड बाद, वह इसे 30° के उन्नयन कोण पर देखता है। नाव की चाल ज्ञात कीजिए। **[1]**
   a) 1.5 मीटर / सेकंड b) 2.2 मीटर / सेकंड
   c) 2 मीटर / सेकंड d) 1.8 मीटर / सेकंड

10) एक लैपटॉप की कीमत 27,000 रुपये है। 2 साल की बढ़ी हुई वारंटी लेने के लिए आपको15% अतिरिक्त भुगतान करना होगा। लैपटॉप की अंतिम लागत क्या होगी यदि कुल मिलाकर 6% GST का भुगतान किया जाना चाहिए? **[1]**
   a) ₹32,913 b) ₹31,050
   c) ₹31,293 d) ₹32,670

11) विकास एक पुरानी बाइक को 30,000 रुपये में खरीदता है और उसकी मरम्पत पर 5,000 रुपये खर्च करता है। अगर वह बाइक को 42,000 रुपये में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है? **[1]**
   a) 19% b) 20%
   c) 18% d) 17%

12) यदि एक शर्ट का विक्रय मूल्य और क्रय मूल्य क्रमशः 1050 रुपए और 900 रुपए है, तो लाभ प्रतिशत क्या है? **[1]**
   a) 18.5 प्रतिशत b) 16.66 प्रतिशत
   c) 20 प्रतिशत d) 25 प्रतिशत

13) एक चतुर्भुज के तीन कोणों की माप90° , 96° और 88° के रूप में दी गई है। इसके चौथे कोण का माप कितना है? **[1]**
   a) 88° b) 96°
   c) 82° d) 86°

14) $\triangle ABC$ में, बिंदु D और E क्रमशः भुजाओं AB और AC पर इस प्रकार हैं कि $DE \| BC$ और $AD : DB = 3 : 1$ । यदि $EA = 3.3$ सेमी है, तो AC का मान ज्ञात कीजिए। **[1]**
   a) 5.5 सेमी b) 4.4 सेमी
   c) 4 सेमी d) 1.1 सेमी

15) $7^2 \times 9^2$ को 8 से विभाजित करने पर शेषफल क्या होगा? **[1]**
   a) 3 b) 6
   c) 1 d) 0

16) जब$11^{41} + 3$ को 10 से विभाजित किया जाता है, तब शेषफल है: **[1]**
   a) 4 b) 5
   c) 3 d) 6

17) नीचे दी गयी भिन्नों में से कौन - सी भिन्न$\frac{13}{19}$ के बराबर नही है? **[1]**
   a) $\frac{91}{133}$ b) $\frac{195}{247}$
   c) $\frac{208}{304}$ d) $\frac{39}{57}$

18) अभाज्य संख्याओंa, b और c के समूह का ल.स.प.(LCM) ज्ञात कीजिए। **[1]**
   a) $a + b + c$ b) $a^2b^2c^2$
   c) $\frac{1}{3}abc$ d) Abc

19) |3 (1) - 6 | का मान क्या होगा? **[1]**
   a) - 3 b) 3
   c) 0 d) 4

20) जब 0.434343....को भिन्न में बदला जाता है तो उत्तर क्या होगा? **[1]**

a) $\frac{4.3}{0.1}$ b) $\frac{43}{99}$
c) $\frac{43}{100}$ d) $\frac{43}{9.9}$

21) 7xy + 5yz - 3zx,$4yz$ $9zx - 4y$, $-3xy + 5x - 2xy$ का योगफल ज्ञात करें **[1]**

a) $5x - 4y - 2xy - 9yz + 6zx$
b) $5x - 4y + 6xy + 9yz - 6zx$
c) $5x - 4y + 6x + 9yz + 6zx$
d) $5x - 4y + 2xy + 9yz + 6zx$

22) करन, श्याम से दुगना तेजी से कार्य करता है। एक साथ कार्य करते हुए, वे एक कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। करण अकेला उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा? **[1]**

a) 32 दिन b) 30 दिन
c) 28 दिन d) 26 दिन

23) A, B से चार गुना अच्छा कारीगर है और दोनों साथ मिलकर एक काम $\frac{84}{15}$ दिनों में पूरा करते हैं। A अकेले वह काम कितने दिनों में पूरा कर सकता है? **[1]**

a) 7 b) 10
c) 9 d) 15

24) यदि संख्याओं$9, 15, 1, 15, 14, 9, 4$ और x की माध्यिका 11 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए। **[1]**

a) 11 b) 12
c) 10 d) 13

25) एक व्यक्ति एक गांव से डाकघर तक $25km/h$ की गति से यात्रा करता है और 4 km/h की गति से वापस चला जाता है। यदि पूरी यात्रा में 5 घंटे 48 मिनट लगते हैं, तो डाकघर की गांव से दूरी कितनी है? **[1]**

a) 20 m b) 40 km
c) 20 km d) 40 m

26) दो स्टेशनोंA और B के बीच की दूरी 107 किमी. है। 1.8 किमी. लंबी एक ट्रेन स्टेशन A से B के लिए 90 किमी. /घंटा की चाल से चलना शुरू करती है। 10 मिनट बाद 1.2 किमी. लंबी एक अन्य ट्रेन स्टेशन B से, स्टेशन A की तरफ 100 किमी./घंटा की चाल से चलना शुरू करती है। स्टेशन A से उस बिंदु की दूरी ज्ञात कीजिए जहाँ पर दोनों ट्रेने एक - दूसरे को पार करेंगी **[1]**

a) 58.6 किमी. b) 57 किमी.
c) 60 किमी. d) 50 किमी.

27) पांच संख्याओं का औसत 36 है। प्रथम दो संख्याओं का औसत अंतिम तीन संख्याओं के औसत का 1.5 गुना है। प्रथम दो संख्याओं का योग कितना है? **[1]**

a) 90 b) 79
c) 78 d) 85

28) किसी वस्तु को 545 रुपये में बेचने पर उसी वस्तु को समान दर से 785 रुपये में बेचने पर प्राप्त लाभ से60% अधिक हानि होती है। उस वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिये? (रू. में) **[1]**

a) 615 b) 625
c) 645 d) 635

29) 15 साल पहले, श्याम प्रभात की तुलना में दोगुनी आयु का था। अब से पांच साल बाद प्रभात की उम्र श्याम की उम्र की$\frac{5}{8}$ होगी। श्याम की वर्तमान उम्र क्या है? **[1]**

a) 72 साल b) 75 साल
c) 80 साल d) 64 साल

30) निम्नलिखित पाई चार्ट गणित की परीक्षा में विभिन्न ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या को दर्शाता है। B ग्रेड हासिल करने वाले छात्रों के प्रतिशत की गणना कीजिए।



[1]

a) 6% b) 12%
c) 8% d) 10%

Reasoning

31) पांच मित्रP, Q, R, S , और T एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र से बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं। S, R के ठीक दाईं ओर बैठा है। Q और T के ठीक बीच में P बैठा है। Q, R के ठीक बाईं ओर बैठा है। P के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है? **[1]**

a) Q b) R
c) T d) S

32) A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से चार इसके कोनों पर बैठे हैं, जबकि अन्य चार एक - एक भुजा के ठीक मध्य में बैठे हैं। B मेज के किसी एक कोने पर बैठा है। B और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C औरA के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, A के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। F, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। इनमें से कौन H के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है? **[1]**

a) C b) G
c) A d) E

33) $\left[\frac{1}{54}\right] : \left[\frac{1}{67}\right] :: \left[\frac{1}{68}\right] :? :: \left[\frac{1}{46}\right] : \left[\frac{1}{59}\right]$ **[1]**

a) $\left[\frac{1}{77}\right]$
b) $\left[\frac{1}{81}\right]$
c) $\left[\frac{1}{83}\right]$
d) $\left[\frac{1}{85}\right]$

34) उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से उसी तरह संबंधित है, जिस तरह दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।
हार : आभूषण :: लेखनी : ? **[1]**

a) पुस्तक b) लेखन
c) कागज d) स्टेशनरी

35) निम्नलिखित अक्षरों में से असंगत की पहचान करें -
A, F, E, Z **[1]**

a) F b) E
c) Z d) A

36) एक आदमी की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए, रमन कहता है, "वह मेरे इकलौते बेटे के पिता की इकलौती बहू का इकलौता बेटा है"। उस आदमी का रमन से क्या संबंध है? **[1]**

a) पिता का पिता b) बेटा
c) पिता d) बेटे का बेटा

37) एक निश्चित कूट भाषा में UNSURE को ELGEHU लिखा जाता है, उसी कूट भाषा में निम्नलिखित में से किसे YNYHM लिखा जाएगा? **[1]**

a) ALONE b) MONEY
c) ALARM d) TELGU

38) यदि CORRESPONDENCE को किसी विशेष कोड में NUT-TRAXUPQRPNR की तरह कोड किया गया है, तो SCOPE को किस प्रकार कोड किया जायेगा? **[1]**

a) RNUXA b) AUXNR
c) XUPAR d) ANUXR

39) दिए गए समीकरण में किन दो संख्याओं के स्थान परस्पर बदल देने पर समीकरण संतुलित हो जाएगा?
$12 + 7 - (8 \div 4 - 5) \times 11 = 54$ **[1]**
a) 5 और 12 b) 8 और 7
c) 8 और 11 d) 12 और 11

40) दिए गए विकल्पों में से कौन - सा व्यंजक का मान हो सकता है $2 + 2 \times 2 - 3 \div 3 \times 3 - 4 \times 4 \div 4 =$? **[1]**
a) 2 b) - 2
c) - 1 d) 1

41) नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सही माने, चाहे उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं।
कथन :
i. कुछ आकृतियाँ छोटी हैं।
ii. कोई छोटा लाल नहीं है।
निष्कर्ष :
i. सभी छोटी आकृतियाँ हैं।
ii. कुछ लाल छोटे हैं।
[1]

a) केवल निष्कर्षI सही है।
b) केवल निष्कर्ष II सही है।
c) न तो निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II सही है।
d) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

42) दिये गए कथन को सही मानिए और निर्णय कीजिए कि कौन से निष्कर्ष कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
इस वर्ष सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान में वृद्धि हुई है।
निष्कर्ष:
i. सरकार को सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध करना चाहिए।
ii. सरकार को सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान से होने वाले बुरे प्रभावों के प्रति जागरुकता पैदा करनी चाहिए।
[1]

a) केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है।
b) केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है।
c) 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं।
d) न तो 1 और न ही 2 अनुसरण करता है।

43) उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर श्रृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।
KP _ LZ_ P_ MZK _ B _ Z _ PB _ Z **[1]**
a) BKBPNKP b) BKBPNPO
c) BKBPNKO d) BKPPOKP

44) उस संख्या की पहचान करें जो निम्नलिखित श्रृंखला से संबंधित नहीं है।
$3, 5, 9, 15, 26, 33, 45, 59$ **[1]**
a) 15 b) 26
c) 45 d) 59

45) निम्नलिखित अक्षर सूची में शब्द 'THAT' कितनी बार आया है?
B A T H A T H E T H A T P T A H A T H
M Q T H A T H E T H A T H A T H T A
H A T **[1]**
a) 7 b) 5
c) 6 d) 4

46) छह दोस्तA, B, C, I, J और K एक साथ एक साक्षात्कार के लिए तैयारी करते हैं जिसमें प्रत्येक को अलग - अलग अंक प्राप्त होते हैं। C को K से कम अंक प्राप्त नहीं होते हैं। J को A से अधिक अंक प्राप्त नहीं होते हैं। । को केवल 3 दोस्तों से कम अंक प्राप्त होते हैं। C को A से अधिक अंक प्राप्त होते हैं। B को J से कम अंक प्राप्त होते हैं लेकिन उसे सबसे कम अंक प्राप्त नहीं होते हैं। किसे सबसे कम अंक प्राप्त होते हैं? **[1]**
a) C b) A
c) J d) K

47) निम्नलिखित विकल्पों में से दिए गए प्रतिबिंब के दर्पण प्रतिबिम्ब को पहचानें:
INST1TUR3I
[1]

a) INST1TUR3I
b) I3RUT1TSNI
c) I3RUT1TSNI
d) INST1TUR3I

48) P, Q, R, S, T, U और V एक ही इमारत की सात अलग - अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, इसके ऊपर की मंजिल की संख्या 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपर की मंजिल की संख्या 7 है। Q मंजिल संख्या 2 पर रहता है। R, U की मंजिल के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। S, V की मंजिल के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है। T और P की मंजिलों के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। R सबसे ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। R और P की मंजिलों के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। P किस मंजिल पर रहता है? **[1]**
a) मंजिल 3 b) मंजिल 2
c) मंजिल 4 d) मंजिल 5

49) निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार रखें और उस शब्द को चुनें, जो सबसे पहले आएगा।
pocket; podium; plutonic; poacher **[1]**
a) Pocket b) Plutonic
c) Podium d) Poacher

50) दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें जो इसमें प्रश्नवाचक चिहन (?) के स्थान पर आएगी?

5	12	65
7	14	105
9	13	?

[1]
a) 120 b) 126
c) 135 d) 102

51) लुप्त संख्या ज्ञात कीजिये -

18	25	31
17	18	7
16	20	12
19	?	26

[1]
a) 23 b) 21
c) 25 d) 24

52) **कथन:**
सभी बेर (plum), अमरूद (guava) हैं।
कुछ बेर, आम (mango) हैं।
कोई भी बेर, कीवी (kiwi) नहीं है।
निष्कर्ष:
i. कुछ अमरूद, कीवी हैं।
ii. कुछ आम कीवी हैं।
[1]

a) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
b) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

53) तीन मित्रों,A, B और C की आयु $5 : 4 : 3$ के अनुपात में हैं। सर्वाधिक आयु वाले व्यक्ति की आयु कितनी है। **[1]**

a) A की आयु 5 का पूर्ण गुणज है
b) B और C दोनों से A बड़ा है
c) जब C का जन्म हुआ था, तब B की आयु 5 वर्ष थी
d) A और B की आयु में कितना अंतर है, B और C की आयु में भी उतना ही अंतर है

54) निम्नांकित वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।



कितनी महिला अभियंता (female engineers), ड्राइवर (drivers) हैं, लेकिन डॉक्टर (doctors) नहीं हैं? **[1]**

a) 19 b) 13
c) 8 d) 22

55) यदि$A \times B$ का अर्थ है A, B के दक्षिण में है, $A + B$ का अर्थ है A, B के उत्तर में है, $A\%B$ का अर्थ है A, B के पूर्व में है, $A - B$ का अर्थ है A, B के पश्चिम में है, तो $P\%Q + R - S$ में, Q के संबंध में S किस दिशा में है? **[1]**

a) उत्तर - पूर्व b) दक्षिण - पश्चिम
c) दक्षिण - पूर्व d) उत्तर - पश्चिम

56) रामू और रवि की मुलाकात महीने की 5 तारीख को बाजार में हुई थी। रामू हर चौथे दिन बाजार जाता है और रवि हर पांचवें दिन बाजार जाता है। वे महीने के किस दिन फिर मिलेंगे? **[1]**

a) 10th दिन b) 25th दिन
c) 20th दिन d) 14th दिन

57) 8 PM बजे मिनट की सुई और घण्टे की सुई के बीच न्यून कोण (डिग्री में) क्या होगा? **[1]**

a) 120 b) 180
c) 90 d) 150

58) दिए गए चित्र में कितने वर्ग हैं?



[1]

a) 15 b) 9
c) 18 d) 14

59) **कथन:**
$P \geq U > R = S < T \leq Q$
निष्कर्ष:
i. $P > Q$
ii. $P < S$
निम्न विकल्पों में से उपयुक्त का चयन कीजिए।
i. केवल निष्कर्षi तर्कसंगत है
ii. केवल निष्कर्ष ii तर्कसंगत है
iii. या तो निष्कर्षi अथवा ii तर्कसंगत है
iv. न तो निष्कर्ष i और न ही ii तर्कसंगत है
v. I और ii दोनों निष्कर्ष तर्कसंगत हैं।
[1]

a) A b) B
c) D d) E

60) प्रश्न चिह्न के स्थान पर आने वाली सही आकृति को चुनें।





[1]

a) A b) B
c) D d) C

General Studies

61) कुतुबुद्दीन ऐबक किस राजवंश का संस्थापक था? **[1]**

a) लोदी वंश b) तुगलक वंश
c) गुलाम वंश d) खिलजी वंश

62) निम्नलिखित में से भारतीय नेपोलियन किसे माना जाता है? **[1]**

a) अशोक b) हर्षवर्धन
c) चन्द्रगुप्त मौर्य d) समुद्रगुप्त

63) 1930 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुआ दांडी मार्च, किस ब्रिटिश नीति के खिलाफ एक महत्वपूर्ण विरोध था? **[1]**

a) नील की खेती
b) कपड़ा व्यापार अधिनियम
c) नमक कर
d) भू राजस्व

64) चौदहवीं शताब्दी में भारत में सोने और चांदी की नियमित मुद्राओं के स्थान पर सस्ती धातुओं की सांकेतिक मुद्रा का प्रयोग किसने किया? **[1]**

a) अलाउद्दीन खिलजी b) जलालुद्दीन खिलजी
c) मुहम्मद बिन तुगलक d) फिरोज शाह तुगक

65) निम्नलिखित में से कौन 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष बने? **[1]**

a) दादाभाई नौरोजी
b) गोफाल कृष्ण गोखले
c) वोमेश चंद्र बनर्जी
d) फिरोजशाह मेहता

66) वर्ष 1913 में गदर पार्टी की स्थापना किसने की और भारत में सशस्त्र क्रांति के लिए प्रयास किए? **[1]**

a) लाला लाजपत राय b) लाला हरदयाल
c) सुभाष चंद्र बोस d) चंद्रशेखर आजाद

67) इन घटनाओं के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कालक्रम सही है?
i. असहयोग आंदोलन
ii. चौरी चौरा कांड
iii. भारत छोड़ो आंदोलन
iv. सविनय अवज्ञा आन्दोलन
[1]

a) A, B, D, C b) A, D, C, B
c) A, C, D, B d) A, B, C, D

68) लिंग अनुपात का उपयोग प्रति ____ पुरुषों पर महिलाओं की संख्या का वर्णन करने के लिए किया जाता है। **[1]**

a) 100 b) 10000
c) 1000 d) 10

69) बुंदेलखंड और बघेलखंड भारत की किन भौतिक विशेषताओं का हिस्सा हैं? **[1]**

a) उत्तरी मैदान b) तटीय मैदान
c) प्रायद्वीपीय पठार d) हिमालय पर्वत

70) निजता का अधिकार जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने 'जस्टिस के. एस. पुट्टास्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम 2017 भारत संघ के ऐतिहासिक मामले में मूल अधिकार के रूप में मान्यता दी थी, मुख्य रूप से भारतीय संविधान के ____ सें संबंधित है। **[1]**

a) अनुच्छेद 21 b) अनुच्छेद 18
c) अनुच्छेद 19 d) अनुच्छेद 20

71) पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रणाली की अनुशंसा पहली बार 1957 में ____ के द्वारा की गई थी। **[1]**

a) अशोक मेहता समिति
b) बलवंत राय मेहता समिति
c) सिंघवी समिति
d) जीकेवी राव समिति

72) माइक्रोफाइनेंस के संदर्भ में सही मिलान का चयन करें। **[1]**

a) मुहम्मद यूनुस - श्रीलंका
b) मुहम्मद यूनुस - ग्रामीण बैंक
c) मुहम्मद यूनुस - विश्वास बैंक
d) ग्रामीण बैंक - भूटान

73) निम्नलिखित में से कौन - सा व्यय सर्जिकल वस्त्रों के उत्पादन में शामिल**स्थिर लागत** (fixed cost) का भाग है? **[1]**

a) विद्युत
b) जल
c) अपशिष्ट निपटान
d) श्रमिकों का वेतन

74) डेनड्रीमर, _____ मैं प्रयुक्त नैनोआकार के, रेडियल सममित अणु होते हैं। **[1]**

a) दूरसंचार उद्योग
b) रक्षा उद्योग
c) स्वास्थ्य एवं दवा उद्योग
d) ऑटोमोबाइल उद्योग

75) एंटीबायोटिक दवाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है? **[1]**

a) प्रतिजीवी दवाओं के दुष्प्रभाव में चेचक, फाइलेरिया और डिप्थीरिया हो सकते हैं।
b) प्रतिजीवी वायरस के खिलाफ प्रभावी नहीं हैं।
c) प्रतिजीवी ठंड और फ्लू के खिलाफ प्रभावी नहीं हैं।
d) जीवाणु रोगों के खिलाफ प्रतिजीवी प्रभावी हैं।

76) मानव हृदय में कितने चैम्बर होते हैं ? **[1]**

a) 3
b) 5
c) 2
d) 4

77) पादपों में निषेचन के बाद, बीजांड _____ में परिवर्तित हो जाता है। **[1]**

a) युग्मनज
b) भ्रूण
c) फल
d) बीज

78) एंटीहिस्टामाइन दवाएं, कुछ प्राथमिक चिकित्सा बक्सों (फर्स्ट - एड बॉक्स) में मौजूद होती हैं। इन दवाओं को कब लिया जाना चाहिए? **[1]**

a) परागज ज्वर (hay fever) और अन्य एलर्जी के लक्षणों को कम करने के लिए
b) अस्थमा से राहत पाने के लिए
c) रक्त के थक्के जमाने में मदद करने के लिए
d) अपच एवं सीने में जलन को कम करने के लिए

79) एक _____ दो या अधिक पदार्थों का समांगी मिश्रण है। **[1]**

a) अणु
b) कण
c) संघटक
d) विलयन

80) निम्न अभिक्रिया _____ का उदाहरण है।
$Mg(OH)_2 + 2HCl \rightarrow MgCl_2 + 2H_2O$ **[1]**

a) उदासीनीकरण अभिक्रिया
b) संयोजन अभिक्रिया
c) अवक्षेप अभिक्रिया
d) अपघटन अभिक्रिया

81) अवतल लेंस के प्रकाशीय केंद्र से होकर गुजरने वाली प्रकाश की किरण, अपवर्तन के बाद _____ निकलेगी। **[1]**

a) मुख्य अक्ष के समानांतर
b) बिना किसी विचलन के
c) वक्रता केंद्र से
d) मुख्य फोकस से

82) एक प्रकाश किरण दो माध्यमों को पृथक करने वाले एक इंटरफ़ेस पर उसके अभिलम्ब के अनुदिश आपतित होती है। आपतित किरण और अपवर्तित किरण के बीच का कोण _____ के बराबर होता है। **[1]**

a) $90°$
b) $45°$
c) $0°$
d) $30°$

83) एक कृत्रिम उपग्रह पृथ्वी के चारों ओर वृत्ताकार कक्ष में घूमती है, कौन सा मात्रक नियत रहता है? **[1]**

a) कोई विकल्प सही नहीं है
b) कोणीय विस्थापन
c) कोणीय गति
d) रेखीय वेग

84) एक प्रकाश किरण वायु माध्यम से जल माध्यम (अपवर्तनांक= 1.3) में प्रवेश करती है जहां आपतन कोण x अंश और अपवर्तन कोण y अंश है। अनुपात $(\sin y)/(\sin x)$ का मान निम्नांकित में से कितना होगा? **[1]**

a) 1
b) 1.3
c) $\frac{1}{1.3}$
d) 0.3

85) कंप्यूटर नेटवर्क के ओपन सिस्टम इंटरकनेक्शन (OSI) मॉडल में, स्विच____ लेयर पर कार्य करते हैं और डेटा को _____ के रूप में मानते हैं, एकल के रूप में नहीं। **[1]**

a) फिज़िकल, बिट्स
b) नेटवर्क, डेटा पैकेट
c) एप्लीकेशन, प्रोटोकॉल
d) डेटा लिंक, फ्रेम

86) निम्न में से कौन कंप्यूटर का आंतरिक भाग (internal part) नहीं है? **[1]**

a) फ्लेश ड्राइव (Flash Drive)
b) वीडियो कार्ड (Video Card)
c) रेम (RAM)
d) मदरबोर्ड (Motherboard)

87) _____ वह बिट - रेट है जो उपलब्ध या उपयोग की गई सूचना क्षमता को दर्शाता है, जिसे आमतौर पर बिट्स प्रति सेकंड के मेट्रिक गुणकों में व्यक्त किया जाता है। **[1]**

a) गति
b) प्रोटोकॉल
c) आवृत्ति
d) बैंडविड्थ

88) निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रणाली के संरक्षण के लिए कानूनी साधन नहीं है? **[1]**

a) पेरिस समझौता
b) जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन
c) जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय पैनल
d) क्योटो प्रोटोकोल

89) न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स (Nuclear Fuel Complex) _____ में स्थित है। **[1]**

a) थुम्बा
b) हैदराबाद
c) कलपक्कम
d) मुंबई

90) निम्नलिखित में से किस प्रतिष्ठित भारतीय शास्त्रीय गायक, जिन्हें अक्सर "मेवाती मैस्ट्रो (Mewati Maestro)" के नाम से भी जाना जाता है, को ख्याल गायन में उनकी महारत और रागों के प्रति उनके अभिनव दृष्टिकोण के लिए पहचाना जाता है? **[1]**

a) हरिप्रसाद चौरसिया
b) पंडित जसराज
c) बिस्मिल्लाह खान
d) जाकिर हुसैन

91) घूमर नृत्य का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है? **[1]**

a) मध्यप्रदेश
b) राजस्थान
c) पंजाब
d) महाराष्ट्र

92) बोहाग बिहू को _____ के नाम से भी जाना जाता है। **[1]**

a) रोंगाली बिहू
b) कोंगाली बिहू
c) माघ बिहू
d) कटि बिहु

93) वर्ष 2024 में किस राज्य सरकार ने ऊर्जा कुशल उपकरणों को बढ़ावा देने के लिए उर्जवीर योजना शुरू की? **[1]**

a) गुजरात
b) महाराष्ट्र
c) आंध्र प्रदेश
d) कर्नाटक

94) हाल ही में पी. जयचन्द्रन (P Jayachandran) का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, वे कौन थे? **[1]**
a) इतिहासकार
b) पार्श्व गायक
c) शिक्षाविद
d) अर्थशास्त्री

95) ताडोबा - अंधारी टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थित है? **[1]**
a) महाराष्ट्र
b) केरल
c) आंध्र प्रदेश
d) गुजरात

96) Coelogyne tripurensis, जो वर्ष 2024 खबरों में देखा गया था, किस प्रजाति से संबंधित है? **[1]**
a) तितली
b) मछली
c) मकड़ी
d) ऑर्किड

97) विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 813वां उर्स कहाँ शुरू हुआ है? **[1]**
a) बेगूसराय
b) नई दिल्ली
c) भोपाल
d) अजमेर

98) जनवरी साल 2025 में बांग्लादेश के किस बल्लेबाज़ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है? **[1]**
a) मुस्तफ़ीज़ुर रहमान
b) तमीम इकबाल
c) लिटन दास
d) शाकिब अल हसन

99) वर्ष 2024 में चर्चा में आया नेशनल मिशन फॉर मैन्यूस्क्रिप्ट्स (NMM) किस मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया था? **[1]**
a) विदेश मंत्रालय
b) शहरी विकास मंत्रालय
c) रक्षा मंत्रालय
d) पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय

100) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के आधिकारिक रूप से नए सचिव 2025 में कौन चुने गए हैं? **[1]**
a) जय शाह
b) देवजीत सैकिया
c) प्रभतेज सिंह भाटिया
d) अनिल सक्सेना